1

मुख्य वचनः लूका 22:19

प्रभु-भोज का अर्थ (1)

मेरा परिवार जिस कलीसिया में संगति करता था, वहां हर रविवार को प्रभु-भोज लिया जाता था! मुझे याद है कि मैं अपनी मां को रोटी खाते और दाखरस पीते देखा करता था। उस समय मेरे पिता प्रभु-भोज नहीं लिया करते थे, क्योंकि उन्होंने बपतिस्मा नहीं लिया था। जब रोटी और कटोरा मां के आगे से गुज़रता तो मैं मां को देखते हुए सवाल पूछता, ''आप यह क्या खा रही हैं? आप यह क्यों खाती हैं? पिता जी क्यों नहीं खाते? मैं इसे क्यों नहीं खा सकता? आप यह क्या पीती हैं? मैं कब इसे लेने योग्य होऊंगा?''

मां धीरे ये कहती है, ''श ... मैं घर जाकर तुम्हें सब बताऊंगी।''

जब मैं जवानों को प्रभु-भोज में हिस्सा लेते देखता तो मैं हैरान होता और उन्हें देखकर उत्सुक भी होता कि वह कितने आदर की भावना से इसमें शामिल होते थे। वह अपनी आंखों को बंद कर लेते, सिरों को झुका लेते और प्रार्थना में मगन हो जाते और बड़े ध्यानपूर्वक और गम्भीरता से रोटी और प्याले में हिस्सा लेते। वह गम्भीरतापूर्वक ध्यान और प्रार्थना में मगन रहते थे।

इस मौके की गम्भीरता को देखते हुए मैं उस समय का इन्तज़ार करने लगा, जब मैं भी इस प्रभु-भोज में शामिल होऊंगा। मैं इसे लेने का उद्देश्य और अर्थ समझना चाहता था।

अब जबकि मैं काफ़ी बड़ा हो गया हूं, मुझे यह अवसर मिला कि मैं पवित्र शास्त्र में से प्रभु-भोज का अर्थ और अभिप्राय समझ सकूं।

हम मसीह को याद करते हैं

प्रभु-भोज जैसा कि सब मसीही जानते हैं प्रभु यीशु और उसके क्रूस पर चढ़ाए जाने से सम्बन्धित है (1 कुरिन्थियों 2:1, 2)। पौलुस लिखता है:

> इसी कारण मैं ने सब से पहिले तुम्हें वही बात पहुंचा दी, जो मुझे पहुंची थी कि पवित्र शास्त्र के वचन के अनुसार यीशु मसीह हमारे पापों के लिए मर गया, और गाड़ा गया; और पवित्र शास्त्र के अनुसार तीसरे दिन जी भी उठा (1 कुरिन्थियों 15:3, 4)।

यीशु ने प्रभु-भोज एक यादगार के रूप में दिया ताकि लोग उसके मरने, जी उठने और वापसी को याद रखें। हमें इनको अक्सर याद दिलाते रहना चाहिए, क्योंकि हमारा विश्वास इन्हीं पर निर्भर है। ये मसीही जीवन को अर्थपूर्ण बनाते हैं।

यीशु की कुर्बानी के द्वारा हमारे पाप धुल गए (प्रकाशितवाक्य 1:5) और हमें स्वर्ग में उसके साथ अनन्त जीवन की आशा है (1 कुरिन्थियों 15:22-24; 1 पतरस 1:3, 4)। उसके जी उठने के द्वारा हमें अपने जी उठने की भी आशा है (1 कुरिन्थियों 15:14, 17; 1 पतरस 1:3,

4)। इन सच्चाइयों पर हम प्रभु-भोज लेते हुए मनन करते हैं।

यीशु का बलिदान फसह के मेमने और इस्राएलियों की कुर्बानियों, दोनों का प्रतिबिम्ब है (1 कुरिन्थियों 5:7; इब्रानियों 10:1)। मेमने की तरह उसने अपना लहू बहाकर सारे संसार को पापों से मुक्ति दिलाई, क्योंकि लहू बहाए बिना पापों की क्षमा नहीं हो सकती (इब्रानियों 9:22)।

यशायाह की भविष्यवाणी बड़े नाटकीय ढंग से हमारे मुक्तिदाता के कष्ट को दर्शाती है, जो इस संसार में आया और हमारे पापों के लिए बलिदान बन गया:

> परन्तु वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया,
> वह हमारे अधर्म के कामों के हेतु कुचला गया;
> हमारी ही शान्ति के लिए उस पर ताड़ना पड़ी
> कि उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो जाएं (53:5)।
>
> ... उसने अपना प्राण मृत्यु के लिए उण्डेल दिया,
> वह अपराधियों के संग गिना गया;
> तौभी उस ने बहुतों के पाप का बोझ उठ लिया,
> और, अपराधियों के लिए विनती करता है (53:12)।

प्रभु-भोज के द्वारा यीशु की मृत्यु का प्रचार होता है। प्रभु-भोज में भाग लेकर हम उसकी देह और लहू पर मनन करते हैं। हम यीशु के हमारे पापों के लिए बलिदान और मृत्यु के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करते हैं और याद रखते हैं कि हमारा प्रभु मौत पर फतेह पाकर जी उठा है और अब स्वर्ग में है।